## खबर संक्षेप

### योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**भुआबिछिया।** कल विश्व योग दिवस के अवसर पर सुबह 9 बजे सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में विश्व योग दिवस के अंतर्गत योग प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें योग प्रशिक्षु सहित बिछिया मंडल के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नागरिक सहित मातृ शक्तियां उपस्थित, युवा साथी रहे।

### बंजारी माता मंदिर के घाट पर किया गया वक्षारोपण



**भुआबिछिया।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से लगातार बिछिया मंडल के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 21 जून 2025 को बिछिया के बंजारी घाट में वृक्षारोपण किया गया जिसमें 2 जीवन रक्षक पौधे पीपल और बरगद का वृक्षारोपण किया गया एवं उसे सुरक्षित रखने हेतु ट्री गार्ड की भी व्यवस्था की गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट के साथ सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 21 जून को जिले में 12 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई

**मण्डला।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 21 जून 2025 के दौरान 87.4 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है जबकि इसी अवधि तक गत वर्ष 48.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 39.3 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 जून 2025 को मंडला में 14.8 मि.मी., नैनपुर में 24.8, बिछिया में 11.8, निवास में 6.8, घुघरी में 3.6 मि.मी. एवं नारायणगंज में 10.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई।

## शासन निर्देशों की खुली अवहेलना, अपनों को दी जा रही तरजीह

# वरिष्ठ की जगह कनिष्ठ को बनाया बीईओ

*** जिले में स्थानांतरण नीति पर उठे सवाल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले में हाल ही में हुए स्थानांतरण आदेशों को लेकर शिक्षा विभाग सहित कर्मचारियों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। आरोप है कि शासन की स्पष्ट निर्देशों की अनदेखी करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को दरकिनार कर कनिष्ठ शिक्षकों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) का प्रभार सौंपा जा रहा है। इससे न सिर्फ प्रशासनिक मर्यादा भंग हो रही है बल्कि कर्मचारियों में असंतोष भी गहराता जा रहा है।

दिनांक 17 जून 2025 को सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग मण्डला द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश में प्रभारी मंत्री की अनुमोदन का हवाला देते हुए उच्च माध्यमिक शिक्षकों को बीईओ जैसे उच्च प्रशासनिक पद का अतिरिक्त वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रभार सौंपा गया है। इस निर्णय में मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग, भोपाल के पत्र क्रमांक एक 6-1/2024/एफ/9 दिनांक 29.04.2025 एवं आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग म.प्र. के पत्र क्रमांक स्था/2025/9366 दिनांक 07.05.2025 का उल्लेख किया गया है।




### शासन आदेशों की अनदेखी

विभागीय सूत्रों के अनुसार, मध्यप्रदेश शासन ने पूर्व में जारी आदेश क्रमांक शिक्षा-स्था.1/884/2020/10954 दिनांक 26.06.2020, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश दिनांक 04.11.1996 और 14.11.2014 तथा अन्य अधिसूचनाओं के तहत यह स्पष्ट किया था कि किसी भी रिक्त पद का प्रभार वरिष्ठता या समकक्ष अधिकारी को ही सौंपा जाना चाहिए। परंतु मंडला जिले में इस दिशा-निर्देश का खुला उल्लंघन देखने को मिल रहा है, जहां कनिष्ठ अधिकारियों को वरिष्ठ अधिकारियों के ऊपर बैठा दिया गया है।

### प्रशासनिक असंतुलन और कर्मचारियों में असंतोष

कर्मचारियों का कहना है कि इससे वरिष्ठ अधिकारियों को अपने कनिष्ठों के अधीन काम करना पड़ रहा है, जो प्रशासनिक दृष्टिकोण से असंगत है।

विभागीय सूत्रों का कहना है कि प्रभारी मंत्री को केवल तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की जिले में पदस्थापना के अधिकार हैं, द्वितीय श्रेणी के अधिकारी जैसे बीईओ के प्रभार हेतु उनका अनुमोदन नियमों के अनुरूप नहीं है।

### मांग उठी-नियमों के अनुसार हो स्थानांतरण

कर्मचारी संगठनों ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि स्थानांतरण नीति में पारदर्शिता बरती जाए और नियम विरुद्ध पदस्थापनों पर तत्काल रोक लगाई जाए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ, तो कर्मचारी आंदोलन का रास्ता अपना सकते हैं।

मंडला जिले में स्थानांतरण नीति 2025 के तहत वरिष्ठता की अनदेखी कर बीईओ पद पर कनिष्ठ अधिकारियों की नियुक्ति ने शासन की नीतियों पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। यह नियुक्तियां न केवल नियम विरुद्ध मानी जा रही हैं, बल्कि इससे प्रशासनिक ढांचा भी प्रभावित हो रहा है।


### इनका कहना है:-

*वरिष्ठ की जगह कनिष्ठ को बीईओ का प्रभार दिया जाना ग़लत है, जिला शिक्षा समिति की बैठक मे यह मामला उठाया जायेगा, अधिकारियों को शासनादेश का पालन किया जाना चाहिए।*

***-इंजी. कमलेश तेकाम,***
***उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति अध्यक्ष जिला पंचायत मण्डला***

*प्रभारी मंत्री के अनुमोदन से आदेश हुए हैं, ये आदेश अतिरिक्त प्रभार हेतु है, नये बीईओ की पदस्थापना होने पर इनको हटाया जा सकता है।*

***-बंदना गुप्ता,***
***सहायक आयुक्त जन जनजाति कार्य विभाग मण्डला***



कार्यालय आयुक्त, आदिवासी विकास
मध्यप्रदेश

भोपाल, दिनांक 26/6/...

1. ... 11-38/96/9/एक दिनांक 4.11.1996.
2. ... 11-41/2014/1/9 दिनांक 14.11.2014.
3. ... दिनांक 26.07.1994.

(बी. चंद्रशेखर)
आयुक्त
आदिवासी विकास
मध्यप्रदेश

Page 489

## योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं-मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके



*** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस: इंडोर स्टेडियम में हुआ जिला स्तरीय आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय वृहद योग शिविर इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया। इस शिविर में मध्यप्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य श्री शैलेष मिश्रा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एसी ट्राईबल श्रीमती वंदना गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास रोहित बड़कुल, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एपीसी मुकेश पांडे सहित सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे। शिविर के दौरान विशाखापट्टनम में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना गया। शिविर में उपस्थितजनों को प्रशिक्षकों ने योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी होती है, हम सब योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की यह ग्यारहवीं वर्षगांठ है। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने इसे वैश्विक पटल पर पहुंचाया है। आज हमारे भारत के साथ-साथ संपूर्ण विश्व में योग के महत्व को लोग समझ रहे हैं। योग, सूर्य नमस्कार आदि क्रियाएँ हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभदायक हैं। मेरी आप सभी से अपील है कि योग को केवल आज के लिए नहीं वरन्‌ इसे अपने दैनिक अभ्यास में शामिल करें।



## किड्जी प्ले स्कूल में नन्हे बच्चों ने किया योग प्राणायाम



**मण्डला।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर किड्ज़ी प्ले स्कूल सिविल लाइंस मंडला के नन्हे विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और उल्लास के साथ योग के आनंद को अपनाया। योग शिक्षक चंद्रगुप्त नामदेव के मार्गदर्शन में बच्चों ने अपनी उम्र के अनुसार सरल और प्रभावी योगासनों को खेलपूर्ण और आनंददायक तरीके से सीखा। योग सत्र न केवल मनोरंजक रहा बल्कि ज्ञानवर्धक भी था, जहाँ बच्चों को रोज़ योग करने के महत्व से अवगत कराया गया, एक स्वस्थ शरीर और शांत मन, समग्र विकास के लिए योग की महत्वता को समझाया गया। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि स्कूल में प्रत्येक बुधवार को भी बच्चों के लिए विशेष योग गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं ताकि उनके भीतर एकाग्रता, लचीलापन और सकारात्मक सोच का विकास हो। आयोजन में प्राचार्या शालिनी शुक्ला, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर राशि पमनानी एवं स्कूल प्रबंधन का सहयोग रहा।

## नारायणगंज में मनाया गया सामूहिक योग दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में सभी विभाग के कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति में संपन्न हुआ। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 के अवसर पर कन्या हाई स्कूल नारायणगंज में आयोजित 'योग संगम' सामूहिक योग अभ्यास कार्यक्रम में योग पूर्व जिला अध्यक्ष रतन सिंह ठाकुर मंडल अध्यक्ष किसन तेकाम जनपद उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा महा मंत्री मृदु किशोर साहू सुशांत अग्रवाल उपाध्यक्ष दीपक पदम सुंदर सोनी राकेश अग्रवाल वीरेंद्र अग्रवाल विवेक सोनी उपसरपंच, नरेश सोनी डॉ पटेल सुरेश सोनी जनपद पंचायत नारायणगंज से सीईओ डेहरिया पंचायत इंस्पेक्टर रम्मू मरावी साहू चौरसिया बीईओ राजेश विश्वकर्मा बीआरसी भवेदी विनय सोनी रंजिता कोहलिया एवं क्षेत्र से आये हुए जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में भी मनाया गया योग दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

शनिवार को पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय मंडला में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर योग कार्यक्रम मे सुनील बाली एवं सुधीर कसार ने मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय में अपनी गरिमामई उपस्थिति दी।

विद्यालय के प्राचार्य रूप सिंह उलाड़ी ने अपने स्वागत उद्बोधन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात योग शिक्षक श्री रंजीत द्वारा सभी को योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योग आसनों का अभ्यास करवाया गया, जिसमें ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, त्रिकोणासन, प्राणायाम आदि प्रमुख रहे। योगाभ्यास के दौरान छात्रों को उनके शारीरिक, मानसिक और आत्मिक लाभों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दिखाई और योग के प्रति गहरी रुचि दिखाई। अंत में सभी को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि ने उद्बोधन में कहा कि योग को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। यह आयोजन सभी के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला सिद्ध हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएँ, शिक्षकगण एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

**प्रतियोगिता** | **दक्षिण क्षेत्र जूनियर बालक अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का फाइनल आज।**

# जबलपुर और बालाघाट के बीच होगा खिताबी मुकाबला

*** पेनाल्टी शूटआउट में पिछड़ गया मण्डला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



स्थानीय महात्मा गांधी स्टेडियम मंडला में म.प्र. फुटबॉल संघ व जिला फुटबॉल संघ, मण्डला के तत्वाधान में खेली जा रही दक्षिण क्षेत्र जूनियर बालक अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 के अंतर्गत शनिवार को खेले गए दो सेमीफाइनल मैच में बालाघाट ने मंडला को 4 / 2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया तो वहीं दूसरे सेमीफाइनल में जबलपुर ने छिंदवाड़ा को 4 / 1 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई। पहले सेमीफाइनल मैच मंडला और बालाघाट के बीच खेला गया। इस मैच में बालाघाट ने पहले हाफ में शानदार खेल का प्रदर्शन किया और एक के बाद एक लगातार कई हमले मंडला के गोल पर किया लेकिन उसे गोल करने में कामयाबी नहीं मिली। खेल के सेकंड हाफ में भी बालाघाट ने अच्छी शुरुआत की लेकिन पहले हाफ के मुकाबले मंडला ने सेकंड हाफ में बेहतर प्रदर्शन किया। मैदान में पानी और फिसलन की वजह से खिलाड़ियों को अपना स्वाभाविक खेल खेलने में दिक्कत आ रही थी। पूरे 90 मिनट तक दोनों ही टीम में एक दूसरे पर गोल करने में कामयाब नहीं हो सकी। नतीजन मैच के फैसले के लिए पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। इसमें बालाघाट ने चार पेनल्टी किक को गोल में तब्दील किया तो वहीं मंडला की टीम महज दो पेनल्टी किक को ही गोल में तब्दील कर सकी। इस तरह पेनल्टी शूटआउट में बालाघाट ने मंडला को दो के मुकाबले चार गोल से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया।



दूसरा सेमीफाइनल जबलपुर और छिंदवाड़ा के मध्य खेला गया। इस मैच में जल्दी जबलपुर की टीम ने बढ़त बनाने में कामयाबी हासिल कर ली लेकिन उसके कुछ देर बाद ही शानदार फ्री के जरिए गोल कर छिंदवाड़ा ने बराबरी हासिल कर ली। बराबरी होने के कुछ देर बाद फिर जबलपुर ने एक शानदार मूव को फिर गोल में तब्दील कर दिया। खेल के पहले हाफ में जबलपुर एक के मुकाबले दो गोलों से आगे चल रही थी तो खेल के सेकंड हाफ में जबलपुर में दो और मैदानी गोल कर अपनी टीम को एक के मुकाबले चार गोल से जीत दिला दी और फाइनल में प्रवेश कर लिया। रविवार को दोपहर 3:00 बजे जबलपुर और बालाघाट के बीच शताब्दी मुकाबला खेला जाएगा।

## रक्तदान के प्रति जागरूक करने भारतीय स्टेट बैंक में लगा रक्तदान शिविर, कर्मचारियों ने बढ़चढ़ लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



भारतीय स्टेट बैंक सामाजिक सेवा दायित्व के अंतर्गत शनिवार को मुख्य शाखा परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह शिविर जिला अस्पताल के सहयोग से स्टेट बैंक के मुख्य शाखा में आयोजित किया गया। शिविर में बैंक स्टाफ एवं आम जन ने रक्तदान किया जिसमें बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक आनंद कुमार, मुख्य प्रबंधक श्रीमती सुषमा सरस, मुख्य प्रबंधक जनार्दन लाल, रिटायर्ड मुख्य प्रबंधक मुकेश सोनी, मुख्य प्रबंधक श्रीमती शशि मिरी और अन्य शीर्ष अधिकारी भी शामिल थे। यह शिविर स्वेच्छा से रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए बैंक के प्रयासों को दर्शाता है। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक आनंद कुमार ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। रक्तदान शिविर जैसी पहलों के आयोजन से बैंक सामाजिक स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दिखाता है। रक्तदान एक महत्वपूर्ण और जीवनदायिनी गतिविधि है जो कई लोगों की जान बचाने में मदद करती है। मुख्य प्रबंधक श्रीमती सुषमा सरस ने कहा कि रक्तदान से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है जैसे कि दुर्घटना में घायल लोगों गर्भावस्था के दौरान जटिलताओं का सामना करने वाली महिलाओं और रक्त विकारों से पीड़ित लोगों को रक्तदान से रक्त की कमी को पूरा किया जा सकता है जो कई अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में एक बड़ी समस्या है। वहीं मुख्य प्रबंधक जनार्दन लाल ने कहा कि नियमित रक्तदान से स्वास्थ्य लाभ नियमित रक्तदान करने से हृदय रोग के खतरे को कम किया जा सकता है आयरन के स्तर को नियंत्रित किया जा सकता है, और नई रक्त कोशिकाओं के निर्माण को बढ़ावा मिलता है। समाजसेवा रक्तदान एक समाज सेवा है, जो लोगों की जान बचाने में मदद करती है और समाज में एक सकारात्मक प्रभाव डालती है।

## खबर संक्षेप

### आवश्यक मेंटीनेंस के कारण आज 5 घंटे विद्युत व्यवस्था रहेगी बाधित

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** विद्युत विभाग के कोतमा रोड स्थित सब स्टेशन मे आवश्यक मेंटीनेंस के कारण सब स्टेशन से निकलने वाला 11 केवी अनूपपुर शहर फीडर सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक बंद रहेगी जिससे अनूपपुर शहर समेत 11 केव्ही अनूपपुर से जुडे समस्त विद्युत उपभोक्ताओं के यहां विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### पत्रकार अनीश तिगाला की मां का इंतकाल, पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले के पत्रकार अनीश तिगाला की मां नगमा बेगम उम्र 55 वर्ष की शनिवार की सुबह 6.30 बजे अटैक आने से इंतकाल हो गया जिन्हे कब्रिस्तान मे मगरिब की नमाज के बाद दफनाया गया। अचानक मौत से सदमे मे परिवार के लिए अल्लाह से दुआ मांगी गई। इंतकाल पर जिले के वरिष्ठ पत्रकार राजेश शिवहरे, मनोज शुक्ला, मनोज द्विवेदी, राजेश शुक्ला, विजय उरमलिया, राजनारायण द्विवेदी, गणेश रजक, आशीष द्विवेदी, बद्री तिवारी, सुनील चौरसिया, अरविंद बियानी, चैतन्य मिश्रा, अरूण ओटवानी, अजय मिश्रा, किशोर सोनी, रामबाबू चौबे, बीजू थामस, राजेश पयासी, सुधाकर पयासी, मुकेश मिश्रा, विजय तिवारी, अमित शुक्ला, संदीप द्विवेदी, संदीप गर्ग, हिमांशू बियानी सहित पत्रकारों ने शोक व्यक्त की है।

### रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 24 जून को

**कटनी।** राज्य शासन के निर्देश पर जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने मंगलवार 24 जून को शासकीय आईटीआई रोशन नगर कटनी में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी डीके पासी ने बताया कि यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं शासकीय आईटीआई कटनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। इसमें जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी दिलाई जाएगी वहीं दूसरी ओर उन्हे स्वरोजागर से जोड़ने के लिए लोन भी उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही जिले एवं जिले के बाहर की कंपनियों में अप्रेंटिसिशप के लिए भी बेरोजगार आवेदको को भेजा जाएगा।

### योग दिवस एवं अभिभावक सम्मेलन का आयोजन संपन्न

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** विद्या भारती सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं वंदना से हुआ। इसके उपरांत सभी ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास में सहभागिता की, जिसका निर्देशन विद्यालय की वरिष्ठ योगाचार्या संतोष दीदी एवं आचार्यगण ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक राजेन्द्र तिवारी ने योग के महत्व पर सारगर्भित उद्बोधन दिया एवं अपने अनुभव साझा किए। अध्यक्षता शहडोल विभाग के विभाग समन्वयक राम शिरोमणि शर्मा ने की, जिन्होंने योग को भारतीय संस्कृति की आत्मा बताया। विशिष्ट अतिथि के रूप में संघ सेवा प्रमुख हरिशंकर वर्मा, हरिओम ताम्रकार, दीदी ज्योति नंदा, पार्षद श्रीमती रेणु सोनी, पूर्व प्रधानाचार्य नित्यानंद श्रीवास्तव एवं व्यवस्थापक आदर्श दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों का तिलक एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। प्राचार्य सतीश चंद्र सिंह ने अतिथियों को अंग वस्त्र, तिलक एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। विद्या भारती के संकल्पों को आचार्य दीदी ने स्पष्ट करते हुए विद्यालय की गतिविधियों का परिचय दिया। बच्चों ने गीत-भजन प्रस्तुति के माध्यम से माहौल को भावनात्मक बनाया।

# महाविद्यालय शहपुरा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ योगाभ्यास कार्यक्रम






### "करो योग, रहो निरोग" के संकल्प के साथ विद्यार्थियों और शिक्षकों ने लिया स्वास्थ्य का संदेश

शहपुरा

विश्वभर में मनाए जा रहे 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय आदर्श महाविद्यालय शहपुरा एवं स्नातक महाविद्यालय शहपुरा के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को महाविद्यालय प्रांगण में योगाभ्यास एवं ध्यान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं भारत सरकार के निर्देशानुसार विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवा वर्ग में योग के प्रति जागरूकता फैलाना तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करना रहा। प्रातःकाल आयोजित इस योग सत्र की शुरुआत पारंपरिक सूर्य नमस्कार, प्राणायाम एवं विभिन्न आसनों के अभ्यास से हुई। प्रशिक्षित योग साधकों के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से योग की विभिन्न क्रियाएँ कर स्वास्थ्य के प्रति संकल्प लिया। योग अभ्यास के पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. स्वीटी यादव ने अपने संबोधन में कहा कि, "योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। यह न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक एवं आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। विद्यार्थियों को योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।" वहीं स्नातक महाविद्यालय शहपुरा के प्राचार्य श्री सी.एस. परस्ते ने कहा, "अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भारत के नेतृत्व में संपूर्ण विश्व को योग का संदेश देने का एक सशक्त माध्यम बना है। यह कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य बल्कि जीवन मूल्यों के संरक्षण की दिशा में एक अहम प्रयास है।"

इस आयोजन में महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों, एनसीसी, और खेल विभाग ने विशेष सहयोग दिया। उन्होंने योग सत्र के समन्वयन, प्रतिभागियों की उपस्थिति और व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन 'करो योग, रहो निरोग' के संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने यह निश्चय किया कि वे योग को नित्य जीवन का अभिन्न अंग बनाएंगे और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

## वन परिक्षेत्र कार्यालय अमरपुर में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**अमरपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को वन परिक्षेत्र कार्यालय, अमरपुर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल योग अभ्यास के साथ हुई, जिसमें कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उत्साहपूर्वक शामिल हुए।कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया।

इस अवसर पर परिक्षेत्राधिकारी ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "योग न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि मानसिक शांति और संतुलन भी प्रदान करता है।"

सभी प्रतिभागियों ने नियमित योग करने का संकल्प लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के इस आयोजन ने कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ कार्यस्थल पर सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी किया।



# अंग्रेजी माध्यम कन्या आश्रम शहपुरा में सक्षम कार्यक्रम अंतर्गत समर कैंप का हुआ आयोजन



शहपुरा

डिंडोरी जिले के विकासखंड शहपुरा में शासकीय अंग्रेजी माध्यम कन्या छात्रावास में सक्षम कार्यक्रम अंतर्गत समर कैंप का आयोजन किया गया समर कैंप के समापन समारोह के अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी पी डी पटेल कैंप में उपस्थित रहे उन्होंने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य छात्राओं को जीवन कौशल सिखना उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा देना था कैंप में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया है जिसमे बीज रोपण अपशिष्ट कागजों का पुनर्निर्माण बाल संरक्षण चित्रकला कविता और कहानी लेखन शामिल रहा विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा छात्राओं द्वारा की जा रही गतिविधियों की सराहना की और उनके अनुभव सुने उन्होंने कहा कि कैंप का आयोजन छात्रों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा छात्राओं को समर कैंप की गतिविधियों के माध्यम से अपने अंदर की प्रतिभा उभारने का अवसर मिला कैंप का आयोजन जनजाति कार्य विभाग भोपाल और एनजीओ के सहयोग से किया जा रहा था इस अवसर पर सी एम राईज स्कूल के प्राचार्य यशवंत साहू के के राय छात्रावास अधीक्षका रेखा गौलियां चंद्रकला श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षक गण मौजूद रहे।

# शहपुरा में कृषि विभाग ने किया बीज भंडारों का निरीक्षण, किसानों के हित में दी सख्त हिदायतें

शहपुरा

कृषि विभाग द्वारा शहपुरा नगर में स्थित बीज भंडारों का औचक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का उद्देश्य किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराना और भंडारण व्यवस्था की स्थिति का मूल्यांकन करना था।

कृषि विस्तार अधिकारी गुमान सिंह चौहान एवं विभाग के कर्मचारियों के साथ शहपुरा नगर के सत्यम बीज भंडार का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बीज की गुणवत्ता, स्टॉक रजिस्टर, वितरण प्रक्रिया एवं भंडारण प्रणाली की बारीकी से जांच की। अधिकारियों ने कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही किसानों के हितों के खिलाफ मानी जाएगी। अधिकारियों ने यह भी सुनिश्चित किया कि बीज वितरण पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से हो ताकि किसानों को समय पर लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान जिन भंडारों में कमी पाई गई, वहां सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। कृषि विभाग का यह कदम निश्चित रूप से किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। समय पर और उत्तम गुणवत्ता वाले बीज मिलने से किसानों की फसल उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, जिससे उनकी आय और जीवन स्तर में भी सुधार आएगा।



### ये रहे मौजूद

इस दौरान निरीक्षण में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी गुमान सिंह चौहान, कृषि विस्तार अधिकारी साक्षी बिरला, कृषि विस्तार अधिकारी पूर्वी कोरी मौजूद रहे।

# कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

डिंडौरी।

21 जून 2025 को कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। जिले में मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग की विस्तृत स्वास्थ्य सूचकांक की समीक्षा की गई। जिसमें मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, राष्ट्रीय टी.बी. उन्मुलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया कार्यक्रम, असंचारी रोग कार्यक्रम, हेल्थ एण्ड वेलनेस कार्यक्रम, क्वालिटी एन्सोरेंष कार्यक्रम, पीपीपी प्रोजेक्ट कार्यक्रम के अंतर्गत समीक्षा की गई। जिसमें कलेक्टर श्रीमती मारव्या द्वारा एएनसी पंजीयन शतप्रतिशत करने के निर्देश दिए। एएनसी पंजीयन, एएनसी जांच, टीकाकरण कार्यक्रम में प्रगति परिलक्षित होने पर एवं अनुपस्थित होने पर डॉ. गोपाल मरावी मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी करंजिया को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही समस्त मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर एएनसी पंजीयन, हाई रिक्स महिलाओं का चिन्हाकंन एवं उनका प्रबंधन शतप्रतिशत करने के लिए निर्देशित किया। आशा कार्यकर्ता एवं एएनएम को सतत घर भ्रमण के दौरान गर्भवती महिलाओं को आयरन की गोली खिलाये जाने हेतु निर्देश दिए। टी.बी. मुक्त भारत कार्यक्रम अंतर्गत जिला डिण्डौरी को टी.बी. मुक्त किये जाने हेतु स्क्रीनिंग/ जांच/ उपचार करने हेतु समस्त फील्ड कर्मचारियों को निर्देषित किया गया। समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमेश मरावी, डॉ. अजय राज, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, डॉ. ममता दीवान, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. राजकुमार डोंगरे, जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ. जयश्री मरावी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वितीय, डॉ. मनोज उरैती, जिला क्षय अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी/जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला एम एण्ड ई अधिकारी, जिला समन्वयक आरबीएसके, एवं समस्त मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, बीसीएम, बीईई सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि जिले में बारिश के मौसम आने के कारण सर्प काटने की घटनाएं एवं संक्रमक रोगों की रोकथाम हेतु आवश्यक महत्वपूर्ण दवाईयां सभी उपस्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध रहें। जिसमें सांप काटने की इलाज की दवा उपलब्धता बनाए रखें। जिससे आम जनता को दवाएं सरलता के साथ उपलब्ध हो सके।

# उप पुलिस महानिरीक्षक श्री मुकेश कुमार श्रीवास्तव ने चौकी अमरपुर का किया वार्षिक निरीक्षण

अमरपुर।

दिनांक 21 जून 2025 को बालाघाट जोन के उप पुलिस महानिरीक्षक श्री मुकेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा चौकी अमरपुर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चौकी का समस्त अभिलेखों एवं रजिस्टरों की गहनता से जांच की तथा व्यवस्था की सराहना की।

निरीक्षण के पश्चात श्री श्रीवास्तव ने चौकी के समस्त पुलिस स्टाफ से व्यक्तिगत रूप से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। उन्होंने पुलिस कर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं जनसेवा के प्रति सजग रहने का संदेश भी दिया।

इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए चौकी परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का आग्रह किया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, बजाग श्री विवेक कुमार गौतम, थाना प्रभारी समनापुर श्री कामेश धूमकेती तथा चौकी प्रभारी श्री अतुल हरदहा भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने निरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।



# शहपुरा जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 14 की समस्याओं को लेकर सीएम को सौंपा ज्ञापन

**शहपुरा।** डिंडौरी जिला क्षेत्र जनपद पंचायत शहपुरा के जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 14 की विभिन्न मूलभूत समस्याओं और विकास कार्यों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भोपाल स्थित सीएम हाउस में एक ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन जनपद सदस्य कीर्ति भीमशंकर साहू की ओर से उनके प्रतिनिधि भीमशंकर साहू एवं जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 15 टेकेश्वर साहू द्वारा सौंपा गया। ज्ञापन में जनपद सदस्य ने अपने निर्वाचन क्षेत्र की ग्राम पंचायत करौंदी, बरगांव और रनगांव में वर्षों से लंबित सड़कों के निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि इन ग्रामों में आज भी ग्रामीणों को कच्ची, ऊबड़-खाबड़ और बारिश में कीचड़युक्त रास्तों से होकर आवागमन करना पड़ता है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। विशेषकर विद्यार्थियों, बुजुर्गों और मरीजों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है।

**ज्ञापन में उठाई गई प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं:**

1. ग्राम करौंदी में मुख्य मार्ग से हायर सेकेंडरी स्कूल तक पक्की सड़क का निर्माण।
2. संजय नगर करौंदी गौशाला तक पक्की सड़क बनाए जाने की मांग।
3. ग्राम बरगांव में नेशनल हाईवे से सगड़ा टोला तक पक्की सड़क निर्माण।
4. ग्राम रनगांव के भुरका टोला तक संपर्क मार्ग का निर्माण।
5. सूरजपुरा से करौंदी तक पक्की सड़क की मांग।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र निराकरण किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो।

जनता को है उम्मीद: ग्रामीण अंचलों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर जनप्रतिनिधियों की यह सक्रियता क्षेत्र की जनता में नई उम्मीद जगा रही है। अब देखना यह होगा कि शासन-प्रशासन कब तक इन मांगों पर अमल करता है।

# गंगा जल योजना की कब्रगाह बना सकोला

### खेत तालाब निर्माण में तकनीकी मानकों की खुली अवहेलना

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले की जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सकोला गंगा जल संवर्धन योजना के अंतर्गत जो कार्य होने थे वे अब भ्रष्टाचार और लापरवाही की राष्ट्रीय मिसाल बनते जा रहे हैं। योजना का नाम जितना पवित्र था उसका क्रियान्वयन उतना ही अपवित्र और इसकी सबसे खतरनाक परछाईं है सरपंच राधाबाई पूर्व सचिव, जो अब भी रोजगार सहायक के रूप में पंचायत में सक्रिय है और योजनाओं को अपनी जेब की किताब समझकर चला रहा है गांव में खेत तालाब बनाना एक अत्यंत वैज्ञानिक और स्थायी उपाय माना गया है, जिससे वर्षा जल संचयन, सिंचाई सुविधा और भूजल पुनर्भरण संभव होता है परंतु सकोला में इस वैज्ञानिक प्रक्रिया की पूरी तरह से धज्जियाँ उड़ा दी गईं



मनरेगा और गंगा जल योजना के तहत खेत तालाब का न्यूनतम माप 30 मीटर लंबा, 20 मीटर चौड़ा और 3 मीटर गहरा होना चाहिए इससे लगभग 1800 से 2000 घन मीटर पानी का संग्रहण संभव होता है लेकिन सकोला में जो तालाब बनाए गए वे मानक से आधे भी नहीं हैं। कुछ तो सिर्फ 1 मीटर की गहराई तक खोदे गए हैं, जो पहली बारिश में ही मिट्टी से भरकर बेकार हो जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### अतिक्रमण हटाने ग्राम पंचायत ने तहसीलदार को दिया आवेदन

तेंदूखेड़ा। इन दिनों तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में अतिक्रमण की समस्या दिनों दिन बढ़ती चली जा रही है। जिससे आवागमन बाधित हो रहा है वहीं लोगों को निकलने सार्वजनिक कार्यक्रमों को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हमारे प्रतिनिधि को समीपी ग्राम टेकापार ग्राम पंचायत द्वारा एक अतिक्रमण हटाने से संबंधित जानकारी प्राप्त हुई है जिसमें तहसीलदार को आवेदन देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की गई है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि खसरा नंबर 314 314/1 में ग्राम के ही लोगों द्वारा प्रधानमंत्री सड़क मार्ग तक अतिक्रमण कर लिया है। जिससे गौ शाला और हाईस्कूल जाने आम रास्ते पर परेशानी हो रही है। वहीं शासकीय नाले पर भी अतिक्रमण हो गया है।इसकी पैमाइश करवा कर तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण हटाया जाए। आवेदन देने वालों में सरपंच सचिव से लेकर गांव के प्रतिष्ठित जन प्रमुख रुप से शामिल हैं।

### 5 दिन में अवैध शराब 104 प्रकरण दर्ज



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** अवैध शराब विक्रय पर पुलिस द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। जिसमे 16 से 20 जून तक पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध 104 प्रकरण दर्ज किए गए। अवैध शराब के कारोबार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने हेतु विभिन्न क्षेत्रों में नाकाबंदी की जाकर सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है एवं संदिग्ध व्यक्तियों एवं अवैध कारोबारियों की धरपकड की जा रही है। इसी क्रम में अवैध शराब के कारोबारियों के विरूद्ध ताबडतोड कार्यवाही की करते हुए 104 प्रकरण पंजीवद्ध किए जाकर 104 आरोपियों 827 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब, 240 पाव देशी शराब जप्त की गयी है। कार्यवाही के दौरान 3150 किलोग्राम महुआ लहान एवं बडी मात्रा में अवैध शराब बनाने की समग्री को भी नष्ट किया गया है।

### मनोहर लाल साहू का निधन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं नगर के प्रतिष्ठित नागरिक व प्रसिद्ध बिड़ी कारोबारी मनोहर लाल साहू का निधन हो गया। आप मयंक मनोहर एवं मिलिंद मनोहर के पिता थे। स्व. श्री साहू द्वारा अपने जीवनकाल में सामाजिक संगठन के अनेकों पदों पर आसीन रहे था कांग्रेस के विभिन्न पदों पर कुशल राजनीति की तथा मुशरान परिवार के बेहद करीबी थे। जिले के हर मुद्दों पर अपनी बात पूरी तरह बेबाकी के साथ रखते थे। स्थानीय नकटुआ मुक्ति धाम पर अंतिम संस्कार किया गया। जहां पर समाज के सभी वर्गो द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

# समूचा विश्व योग को दे रहा है महत्वः मंत्री पटेल

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में 11 वां अंतरर्षिट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास योग संगम का जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम नर्मदा नदी बरमान तट पर स्थित दीपेश्वर मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम आयुष विभाग और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। उल्लेखनीय हैं कि यह योग दिवस एक पृथ्वी- एक स्वास्थ्य के लिये योग की थीम पर आयोजित किया गया।

इस अवसर पर इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल, महंत प्रीतम पुरी गोस्वामी, रामस्नेही पाठक, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, जिला पंचायत सीईओ दलीप कुमार, एएसपी संदीप भूरिया सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।







### लाइव प्रसारण का हुआ प्रसारण

मंदिर परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के विशाखापट्टनम (आंध्रप्रदेश) में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। इसके साथ ही भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संबोधन का भी सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री पटेल ने अपने संबोधन में नागरिकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज समूचा विश्व योग के महत्व को समझ रहा है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रयासों का ही परिणाम है कि विश्व योग को आत्मसात कर रहा है। अब यह केवल शासकीय कार्यक्रम तक सीमित नहीं है। उन्होंने नागरिकों से योग को दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा बनाने का आग्रह किया।

### योगासन का कराया गया अभ्यास

कार्यक्रम में शक्ति क्लब, शिवाजी क्लब, स्कूली बच्चों, जन प्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। सामूहिक योग कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना से हुई। इसके बाद लोगों को योग की चालन क्रियायें, योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। योगासनों में ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्द्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, दंडासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्द्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, उत्थानमंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्थानपादासन, अर्द्धहलासन, पवनमुक्तासन, शवासन का अभ्यास कराया गया।

### बरहटा स्कूल में कराया गया योग

11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को पूरे भारत के साथ शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में में भी बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम की का शुभारंभ विश्व गुरु श्रीस्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से विद्यालय प्राचार्य सुनील कुमार दीक्षित एवं पंडित बृजभूषण बाजपाई द्वारा किया गया। विशाखापत्तनम से हो रहे लाइव कार्यक्रम को रेडियो प्रसारण से सुना व सभी योग पीटीआई अमित कहार के मार्गदर्शन में अभ्यास किए गए। इस बार एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के साथ दुनिया भर में योग दिवस मनाया गया। योग फिटनेस से कहीं ज्यादा है, योग सिर्फ शारीरिक व्यायाम नहीं है। यह आत्म-जागरूकता, मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक संतुलन और आध्यात्मिक विकास की यात्रा है। दुनियाभर में लोग योग कर रहे हैं। योग भारत की प्राचीन परंपरा की अमूल्य देन है. यह मन और शरीर की एकता का प्रतीक है। अपनी जीवन शैली को बदलकर और चेतना पैदा करके, यह भलाई में मदद कर सकता है. एक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को अपनाने की दिशा में काम करना चाहिए। विद्यालय के सभी शिक्षक पी एस किनकर, घनश्याम ठाकुर, राजेश सिंगोतीया, तरुवर पटेल, शरद गुप्ता,गनी मो, जेपी कोरी, रोहित पटेल, अभिषेक दुबे, शायना उस्मानी, भावना मिश्रा एवं विद्यार्थियो एवं पत्रकार सुरेश गिरधोनिया की उपस्थिति रही।

# महारानी लक्ष्मीबाई बलिदान दिवस व्याख्यान का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस रानी लक्ष्मीबाई बलिदान दिवस पर अनंत नरसिंह संस्थान द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर अजय तिवारी जबलपुर, कार्यक्रम अध्यक्ष राकेश उदेनिया सामाजिक समरसता सह प्रमुख महाकौशल प्रांत, विशिष्ट अतिथि आचार्य थम्मन शर्मा ट्रस्टी गायत्री परिवार एवं प्रमेंश शंकर शर्मा संरक्षक अनंत नर्सिंह संस्थान उपस्थित रहे। व्याख्यान माल में मुख्य वक्ता डॉ अजय तिवारी ने राष्ट्रीय सुरक्षा में मातृशक्ति का योगदान विषय पर अपने व्याख्यान में कहा कि रानी लक्ष्मीबाई ने नारी की भूमिका को घर-परिवार तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने राष्ट्र के लिए समर्पित योद्धा के रूप में खुद को स्थापित किया। वे महिला सशक्तिकरण की जीवित मिसाल हैं। उन्होंने दिखाया कि स्त्रियां कोमल ही नहीं, कठोर संघर्ष की प्रतिमूर्ति भी बन सकती हैं। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे रानी लक्ष्मीबाई के जीवन से प्रेरणा लें। अपने अंदर कर्तव्य, परिश्रम और देशभक्ति की भावना जगाएं। देश को आज फिर ऐसे नायक-नायिकाओं की जरूरत है, जो व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई ने नारी की मर्दानी शक्ति और युद्ध कौशल पहचान कराई। बलिदान दिवस की सार्थकता पर बात करते हुए कहा कि अब हर घर से रानी लक्ष्मीबाई के रूप में अपनी बालिकाओं को शिक्षित और संस्कृत करना होगा उन्हें चाहे बालक हो या बालिका हाथ में रक्षा और शस्त्र कला में पारंगत करने प्रशिक्षण दिलाना चाहिए। राष्ट्रसेविका समिति जबलपुर की राजकुमारी गुप्ता मप्र शिक्षक संघ जबलपुर से अध्यक्ष आशीष तिवारी उपाध्यक्ष कालीचरण राय ,करपगांव से आदित्य शर्मा करेली से डॉ स्वदेश शर्मा,गोटेगांव से कीर्तिनिधि दुबे बलराज ठाकुर गुलाब साहू समेत शिक्षाविद जेपी शर्मा, अशोक शर्मा लोकीपर, मदन खत्री, एसके चतुर्वेदी, शिवकुमार पटेल, देवेंद्र दुबे, अरुण शर्मा, विमलेश दुबे, धनंजय शर्मा सुषमा मिश्रा, पलाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में नगर के विद्वत समूह के प्रतीक गायत्री परिवार वरिष्ठ जन परिषद अनंत नरसिंह संस्थान के सदस्य महिला पुरुष कई नागरिक मौजूद रहे।




# जनपद शिक्षा केंद्र की अभिनव पहल शिक्षकों का किया सम्मान

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जनपद शिक्षा केंद्र द्वारा एक अभिनव पहल के अंतर्गत कक्षा पहली, दूसरी पढ़ाने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया, हाल ही में डाइट में चल रहे बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शिक्षको द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बेस्ट ट्रेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण को बढ़ावा देने तथा शिक्षकों को प्रेरित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास माना जा रहा है। अलग अलग चरणों में होने वाले बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान संबंधित प्रशिक्षण में प्रथम एवं द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में दो बेच बनाए गए हैं जिसमें प्रथम चरण में प्रथम बेच से शासकीय प्राथमिक शाला घाट पिपरिया (महादेव) की श्रीमती रानू अग्रवाल एवं द्वितीय बेच से शासकीय प्राथमिक शाला सिमरिया झिरना की श्रीमती अरुणा सोनी को, द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में प्रथम एवम द्वितीय बेच में शासकीय प्राथमिक विद्यालय सहजपुरा से दिनेश सेन, एकीकृत विद्यालय झामर के मोहित गुप्ता शिक्षक को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक ओ पी राय, मास्टर ट्रेनर अभिषेक गुमास्ता, मनीष यादव, राहुल सोनटेके, कीर्ति चावला, दीपक श्रीवास्तव, राजा नामदेव एवं कक्षा पहली दूसरी पढ़ाने वाले शिक्षकों एवं जनशिक्षकों की उपस्थिति रही।




# डेढ लाख की स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में अवैध मादक पदार्थ के कारोबार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने, साथ ही नशे का कारोबार एवं सेवन करने वालों पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु संपूर्ण जिला अंतर्गत विशेष अभियान चलाया जाकर जिले के विभिन्न थानों में लगातार धरपकड की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना स्टेशनगंज अंतर्गत आरोपी शेख इरफान उर्फ मोहम्मद इरफान पिता शेख नसीर, उम्र 40 साल, निवासी मुशरानवन, महाजनी वार्ड, नरसिंहपुर को मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया जाकर उसके कब्जे से लगभग 1 लाख 57 हजार मूल्य की 10.50 ग्राम अवैध मादक पदार्थ समैक जप्त की जाकर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 532/2025 धारा 8 (ए) (सी)/ 21 बी एनडीपीएस एक्ट पंजीवद्ध किया गया है। थाना प्रभारी स्टेशनगंज, निरीक्षक रत्नाकर हिग्वें, उनि विजय द्विवेदी, प्र.आरक्षक आशीष मिश्रा, आरक्षक लक्ष्मी नगपूरे, आरक्षक गोविंद सिंह, आरक्षक चालक प्रशांत सिंह की सराहनीय भूमिका रही है।

# जिले में अब तक 43 मिमी वर्षा दर्ज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले में एक जून से 21 जून तक की अवधि में औसत रूप से कुल 43 मिमी अर्थात 1.69 इंच वर्षा दर्ज की गयी है। 21 जून की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 21 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 21 मिमी, गाडरवारा में 6 मिमी, गोटेगांव में 9 मिमी, करेली में 5 मिमी और तेंदूखेड़ा में 0.64 मिमी वर्षा आंकी गई है। अधीक्षक भू- अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 जून तक तहसील नरसिंहपुर में 54 मिमी, गाडरवारा में 25, गोटेगांव में 13 मिमी, करेली में 34 मिमी और तेंदूखेड़ा में 89 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 32.20 मिमी अर्थात 1.27 इंच वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील नरसिंहपुर में 26 मिमी, गाडरवारा में 72 मिमी, गोटेगांव में 42 मिमी और तेन्दूखेड़ा में 21 मिमी वर्षा हुई थी।

## मानसून की दस्तक सड़कों पर भरा पानी व गंदगी



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शुक्रवार की सुबह मानसून ने दस्तक दी और जोरदार बारिश से चारों तरफ पानी देखने को मिला। बारिश होने से गर्मी से लोगों को निजात मिला वही नगर पालिका प्रशासन के दावों की पोल भी खुलती नजर आई वारिश के साथ नालियों का मलवा सड़क पर आ गया और कई स्थानों पर गंदगी जमा हो गई तो कई जगह पानी का भराव हो गया। नगर के मध्य स्थित धनारे कालोनी गली नंबर एक मे भी पानी भर गया जिससे आने जाने मे लोगों को काफी परेशानी उत्पन्न हुई । वही कई वार्डो मे नाली का मलवा रोड पर आकर जम गया। वही जिला प्रशासन द्वारा नगर पालिका को बारिश के पूर्व नालियों की सफाई व उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए गए थे जिनका कितना पालन हुआ पहली बारिश मे ही सामने आ गया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जगह जगह हुआ योग प्राणायाम



**तेंदूखेड़ा ।** 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर एवं आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में भी योग प्राणायाम का किया गया।इस मौके पर संत मोनी महिला महाविद्यालय एवं सर्वोदय विद्यालय में योग दिवस पर एनसीसी कैडेट एनएसएस स्वयंसेवकों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य की अवधारणा को लेकर क्रमबद्ध एवं अनुशासित तरीके से योग प्राणायाम किया गया । योग भारतीय संस्कृति की एक प्राचीन परंपरा है जो हजारों वर्षों से न केवल भारत बल्कि वैश्विक स्तर पर मानव जीवन को एक नवीन दृष्टिकोण प्रदान करती रही है । यह केवल शारीरिक व्यायाम की एक तकनीक मात्र नहीं है बल्कि यह एक समग्र जीवन शैली है जो शारीरिक मानसिक बौद्धिक और आत्मिक सभी स्तरों पर व्यक्ति के व्यक्तित्व को परिपक्व को बनती है ।2015 से 21 जून को प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है ।इस मौके पर डॉ प्रकाश जैन ने बताया कि योग शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द एवं संतुलन का भी माध्यम है । हमें प्रतिदिन योग प्राणायाम को अपनी दिनचर्या का अंग बनाना चाहिए । पौष्टिक एवं संतुलित भोजन लेना चाहिए मौसमी फल खाते रहना चाहिए इससे हम उक्त रक्तचाप मधुमेह हृदय रोग कैंसर एवं अनेकों बीमारियों से अपना बचाव करते हुए एक स्वस्थ समृद्ध एवं लंबा जीवन जी सकते हैं । कार्यक्रम में सर्वोदय विद्यालय के बालक सीसी कैडेट बालिका एनसीसी कैडेट महाविद्यालय की वालिका एनसीसी कैडेट एवं एन एस एस स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।





### मन को स्वस्थ रखने योग

समीपी ग्राम छत्तरपुर माध्यमिक विद्यालय में भी योग दिवस पर शिक्षकों के साथ छात्रों ने भी योग प्राणायाम किया।इस मौके पर योग शिक्षक ने बताया कि शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक सुख व आध्यात्मिक प्रगति के लिए योग महत्वपूर्ण है। योग से बीमारियों को दूरकर खुद को स्वस्थ रख सकते हैं। योग से नैतिकता का विकास होता है और शाश्वत मूल्यों को विकसित किया जा सकता है। यदि शरीर और मन को स्वस्थ रखना है तो हमें योग की शरण में जाना होगा। प्राचीन ऋषियों-मुनियों के द्वारा योग को अपनाया गया है। योग स्वयं के द्वारा ज्ञान प्राप्त करना है। मात्र प्रदर्शन की वस्तु नहीं है। हमारे अंदर की नकारात्मकता को सकारात्मकता में योग के माध्यम से परिवर्तित कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक कक्षा 6 से 8 तक के सभी छात्र उपस्थित थे।

### जैन पाठशाला में भी बच्चों ने किया योग

नगर के दिगम्बर जैन मंदिर परिसर में छोटे छोटे बच्चों द्वारा प्रातःकाल मंदिर परिसर में पाठशाला में पहुंच कर योग की विभिन्न विधाओं का योगाभ्यास किया। तथा नगर के शासकीय महाविद्यालय परिसर में भी योगाभ्यास किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।